प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 21.05.2024 समय: 2.10 PM

पांचवा चरण मतदान

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल साठ प्रतिशत से अधिक लोगों ने मतदान किया। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों ने मतदान में उत्साहपूर्वक भागीदारी की।इस चरण में छह राज्यों की 49 लोकसभा निर्वाचन-क्षेत्रों के लिए मतदान हुआ। इस चरण में कुल छह सौ 95 उम्मीदवार मैदान में थे।

जम्मू-कश्मीर के बारामुला में, 56 दशमलव सात-तीन प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले 35 वर्षों में सर्वाधिक है। पांचवें चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही अब तक 25 राज्यों में चार सौ 28 लोकसभा सीट के लिए मतदान पूरा हो गया है।

विश्व सांस्कृतिक विविधता दिवस

आज विश्व सांस्कृतिक विविधता दिवस है। इसका आयोजन दुनियाभर की संस्कृतियों की खूबियों और शांति तथा टिकाऊ विकास में भिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद की भूमिका को उजागर करने के लिए किया जाता है। इस दिवस का आयोजन सांस्कृतिक विविधता की समझ विकसित करने के उद्देश्य से किया जाता है।

आतंकवाद रोधी दिवस

आज देशभर में आतंकरोधी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य-तिथि पर आयोजित किया जाता है। आतंकी संगठन एलटीटीई ने 21 मई,1991 को चेन्नई के पास श्रीपेरम्बुदूर में आत्मघाती बम हमले में श्री गांधी की हत्या कर दी थी। इस दिवस का आयोजन समाज और राष्ट्र पर आतंकवाद और हिंसा के नकारात्मक प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है। आकाशवाणी भोपाल में भी आज आतंकवाद रोधी दिवस पर सभी अधिकारीयों और स्टाफ ने

कटनी छापा

कटनी जिले में चार दिनों से चल रही आयकर विभाग की छा□मार कार्रवाई में अधिकारियों को 150 करोड़ रु□ये से अधिक की अवैध सं□त्ति मिली है। इसमें नकदी, सोना-चांदी, शेयर मार्किट के दस्तावेज सहित कई बेनामी सं□त्ति के कागजात शामिल है ।दरअसल, कटनी के कुछ कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत इंदौर, भो□ाल, ग्वालियर, जबल□ुर सहित राय□ुर के 100 से अधिक अधिकारियों की टीम ने व्या□क जांच के बाद यह सं□त्ति बरामद की। आयकर विभाग की टीम लंबे वक्त से इन व्या□ारियों □र नजर बनाए रखे हुए थी ।

हॉकी-भारत

भारतीय □ुरुष जूनियर हॉकी टीम ने अ□ने यूरो□ दौरे की शुरुआत बेल्जियम □र जीत के साथ की है। भारत की ओर से उ□-कप्तान शारदानंद तिवारी ने दो गोल किए।निर्धारित समय में दोनों टीमें 2-2 की बराबरी □र थीं जिसके बाद मैच का फैसला शूटआउट से हुआ। भारत अ□ना दूसरा मैच कल नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से खेलेगा।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का सिलसिला जारी है। कई शहरों का ता□मान रिकार्ड तोड़ रहा है। ग्वालियर, चंबल और निमाड़ में भीषण गर्मी □ड़ रही है। कल निवाड़ी जिले का □ृथ्वी□ुर प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां □ारा 45 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 24-25 मई से □ूरे प्रदेश में लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

वहीं, राजगढ़ में □ारा 45 डिग्री दर्ज किया गया। भो□ाल में □ारा 41 दशमलव 8 डिग्री, इंदौर में 43 दशमलव 1 डिग्री, जबल□ुर में 41 दशमलव 2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि कि अभी एक चक्रवाती घेरा सक्रिय है। वहीं, एक □श्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस वजह से प्रदेश में अगले 24 घंटे में □ूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में धूलभरी हवाएं चलेंगी। साथ ही गरज-चमक और हल्की बारिश के भी संकेत है।

अब कुछ समाचार संक्षे□ में...

1. किर्गिस्तान में हो रही हिंसा के बीच उज्जैन के 10 से ज्यादा विद्यार्थी फंसे हैं। छात्रों और उनके माता-□िता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से रेस्क्यू की गुहार लगाई है।

2. नर्मदा□ुरम लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना में संलग्न करीब 400 अधिकारी -कर्मचारियों को आज दो □ालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

3. शिव□ुरी जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 मई से आज तक मलेरिया और डेंगू की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में लोगों को मलेरिया और डेंगू से बचाव की जानकारी घर-घर जाकर दी जा रही है ।

4. नीमच में निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 121 वृध्दजनों ने शिविर का लाभ लिया।

5. इन्दौर से अशोक नगर जा रही निजी ट्रेवल्स की बस दुर्घटना का शिकार हो गई। राजगढ़ के समी□ बस □ुलिया से नीचे जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं करीब 40 यात्री घायल हो गए। गम्भीर घायलों को इन्दौर के एमवाय अस□ताल रेफर किया गया।

....